संख्या /सात–लाईसेंस– टैक्स–2 / 2008–09 / समयसारणी–अनुज्ञा / तद्दिनांक।

प्रतिलिपि समस्त जिला आबकारी अधिकारी,उत्तराखण्ड को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे अपने जनपद से सम्बन्धित अनुज्ञापनों के नवीनीकरण/अग्रसारण की कृत कार्यवाही तथा अनुज्ञापनों की श्रेणीवार नाम व संख्या सहित सूची दिनांक 28.02.2009 तक आयुक्तालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(डा०रणबीर सिंह)
आबकारी आयुक्त,
उत्तराखण्ड।

आबकारी विभाग, उत्तराखण्ड

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

मैनुअल संख्या 17 : ऐसी अन्य सूचना जो विहित हो और जो पिछले अध्याये में सम्मिलित न की गयी हो :–

वर्तमान में विभागीय मुख्यालय हेतु जो भी कार्य दिये गये हैं उसका विस्तृत विवरण 1 से 16 मैनुअलों में विभिन्न स्वरूपों में दिया गया है। राज्य में विभाग द्वारा प्रवर्तित अधिनियमों/नियमावलियों के अन्तर्गत स्वीकृत विभिन्न अनुज्ञापनों एवं तद्सम्बन्धित विवरणों की सूची निम्नवत् है–

1 आबकारी अधिनियम नियमों के अन्तर्गत	
परिशिष्ट	**विवरण**
1	आसवनियां (पी0डी0–2)
2	ब्रिवरीज
3	विन्टरीज
4	विदेशी मदिरा भराई प्लान्ट (एफ0एल0एम0–3)
5	बंधित आबकारी गोदाम/डिपो (देशी मदिरा)
6	देशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापन (सी0एल0–5डी) **परिशिष्ट– 6(1) से 6 (8)**
7 (ए)	विदेशी मदिरा के थोक अनुज्ञापन (एम0एल0–1)
7 (बी)	विदेशी मदिरा की भराई हेतु अनुज्ञापन (एफ0एल0–3)
8	विदेशी मदिरा के थोक अनुज्ञापन (एफ0एल0–2)
9	विदेशी मदिरा के थोक अनुज्ञापन (एफ0एल0–2ए)
10	विदेशी मदिरा के थोक बांड अनुज्ञापन (बी0डब्ल्यू0एफ0एल0–2)
11	विदेशी मदिरा के थोक अनुज्ञापन (बी0डब्ल्यू0एफ0एल0–2बी)
12	विदेशी मदिरा के फुटकर बिक्री के अनुज्ञापन (एफ0एल0–5डी) **परिशिष्ट 12(1) से 12(13)**
13	विदेशी मदिरा के होटल एण्ड रेस्टोरेन्ट बार अनुज्ञापन (एफ0एल0 6–7)
14	विदेशी मदिरा के क्लब बार अनुज्ञापन (एफ0एल0–7सी)

15	विदेशी मदिरा के फुटकर बिक्री के अनुज्ञापन (मिलेट्री कैन्टीन) (एफ0एल0–9, 9ए)
16(ए)	विशेष विकृत सुरा से सम्बन्धित अनुज्ञापन (एफ0एल0–39, 40, 41)
16(बी)	इथेनोल ब्लेन्डेड पेट्रोल (गैसोहाल) से सम्बन्धित अनुज्ञापन–एफ0एल0–41
17	भांग के संख्या केन्द्र अनुज्ञापन आई0डी0 (15–16)
2– नारकोटिक्स एन0डी0पी0एस0 एक्ट के अन्तर्गत	
1	एन0डी0 एल0डी0 अनुज्ञापन
2	एन0डी0सी0
3	एन0डी0पी0एस0 (पोस्ट डोडा), एन0डी0पी0एस0 (पोस्ट डोडा)–1, एन0डी0पी0एस0 (पोस्ट डोडा)–2,
4	एम0एन0टी0पी0ए0 (मेडिश्नल एण्ड टॉयलेट प्रिपरियेशन एक्ट) के अन्तर्गत पार्ट टाइम एल0–1
4–शीरा अधिनियम से सम्बन्धित	
1 (अ+ब)	राज्य में वैक्यूम पैन पद्धति से शीरा उत्पादन करने वाली चीनी मिलें

परिशिष्ट–1 (अ)

आसवनियां (पी0डी0–2)

राज्य में तीन आसवनियां स्थित हैं जिनकी अधिष्ठापन क्षमता

(वर्ष 2006–07, 2007–2008 व 2008–2009 तक की स्थिति)

क0सं0	आसवनी का नाम	स्वीकृत अधिष्ठापन क्षमता	किन–किन आसवों का उत्पादन किया जाता है
1	दून वैली आसवनी	38.00 लाख बी0एल0, पेय मदिरा 20.50 लाख बी0एल0 अपेय मदिरा 17. 50 लाख बी0एल	1. रेक्टिफाईड स्प्रिटः– देशी विदेशी मदिरा 2. विकृत सुरा, विशेष विकृत सुरा 3. ई0एन0ए0 के निर्माणार्थ प्लान्ट स्थापना की अनुमति दी गयी
2	बाजपुर आसवनी	150.00 लाख बी0एल0 अलग–अलग निर्धारण नहीं	1. रेक्टिफाईड स्प्रिटः– देशी विदेशी मदिरा 2. विकृत सुरा, विशेष विकृत सुरा 3 ई0एन0ए0–5 हजार बी0एल0 प्रतिदिन निर्माण की अनुमति है।
3	आई0जी0एल0 काशीपुर	803.9 लाख बी0एल0 पेय मदिरा–180.00 लाख बी0एल0 अपेय मदिरा–623.9 लाख बी0एल0	1. रेक्टिफाईड स्प्रिट/ई0एन0ए0 देशी –विदेशी मदिरा 2. विशेष विकृत सुरा (विविध रसायन) एम0ई0जी0, डी0ई0जी0 ई0ओ0 कन्डेट सेट आदि।

परिशिष्ट–1 (ब)

आसवनियां (पी0डी0–2)

राज्य की आसवनियों में विगत तीन वर्षो में अल्कोहल का उत्पादन

क0 सं0.	आसवनी का नाम	वर्ष 2006–07	वर्ष 2007–08	वर्ष 2008–09
1	दून वैली आसवनी	113970416.10	140315815.70	78072252.40
2	बाजपुर आसवनी	2590474.40	2436705.10	2344577.7
3	आई0जी0एल0 काशीपुर	5427828.40	4513149.00	2689261.8
	योग	**121988718.90**	**147265669.80**	**83106091.90**

परिशिष्ट–2

ब्रिवरीज

राज्य में केवल एक ब्रिवरी स्थापित है।

क0सं0	ब्रिवरीज का नाम	स्थान व जनपद जहां अवस्थित है
1	मैसर्स दून वैली ब्रिबरीज	औरंगजेबपुर रूडकी,जनपद हरिद्वार

परिशिष्ट–3

विन्टनरीज

राज्य में वर्तमान में दो अनुज्ञापन स्वीकृत है।

क0 सं0	विन्टनरीज का नाम	स्थान व जनपद जहां अवस्थित है	वर्ष		
1	मै0 बायोटेक एण्ड फूड सिस्टम प्रा0लि0	रामगढ़, जनपद नैनीताल।	2006–2007	2007–2008	2008–2009
2	मै0 उत्तम विन्टनरीज प्रा0लि0	लिब्बरहेड़ी रूड़की, जनपद हरिद्वार।			

परिशिष्ट–4

विदेशी मदिरा भराई प्लांट (एफ0एल0एम0–3)

राज्य में वर्तमान में दो अनुज्ञापन स्वीकृत है।

क0 सं0	अनुज्ञापन का नाम	स्थान व जनपद जहां अवस्थित है	क्षमता (वार्षिक बोतल भराई)	लाईसेंस फीस 2006–07	लाईसेंस फीस 2007–08	लाईसेंस फीस 2008–09
1	मैसर्स गोल्डमैन डिस्टलरीज (A Unit of Kamdhenu Ghee Ltd.)	मोहब्बेवाला, जनपद देहरादून।	15 लाख बोतल तक	836482	836482	920000
2	मैसर्स रेडिको खेतान लि0 (A Unit of Rampur Distilary)	बाजपुर इण्डस्ट्रियल बाजपुर ऊधमसिंहनगर	50 लाख बोतल तक 75 लाख बोतल तक	2509444 –	 3800000	 4180000

संयुक्त आयुक्त

28/01/13

उत्तराखण्ड शासन
आबकारी अनुभाग

संख्या 57/XXIII/2013/04(54)/2012
देहरादूनः दिनांकः 23 जनवरी, 2013

24/1/13

(दिलीप जावलकर)
आबकारी आयुक्त
उत्तराखण्ड

अधिसूचना

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–1 सन्, 1904) (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की धारा 21 सपठित उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1910) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002 की धारा 40 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री राज्यपाल उत्तराखण्ड राज्य में फल आधारित उद्योगों हेतु विन्टनरी स्थापित किये जाने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते है :–

1. विन्टनरी की स्थापना हेतु अनुज्ञापन प्राप्त करने के लिए वी–1 अनुज्ञापन शुल्क ₹ 5,000/– होगा।
2. वाईन बनाने हेतु दिये जाने वाले वी–2 अनुज्ञापन के लिए शुल्क ₹ 5,000/होगा।
3. विन्टनरी निर्माण (वी–1) लाइसेन्स प्रदान करने हेतु अनुज्ञापन निर्गत करने की समय सीमा आवेदन किये जाने की तिथि से 30 दिन होगी।
4. प्रबलीकरण (Fortification) हेतु मिश्रित करने वाली स्प्रिट या ब्राण्डी विन्टनरी परिसर के बाहर से आयात न कर उक्त न्यूट्रल स्प्रिट/वाईन का सम्बन्धित विन्टनरी परिसर में ही उत्पादन कर उपयोग किया जायेगा।
5. विन्टनरी में नियुक्त आबकारी विभाग के कार्मिकों के कुल देय, विन्टनरी द्वारा राज्य में की गयी कुल निकासी पर देय आबकारी राजस्व के 10 प्रतिशत से अधिक होने पर उक्त अतिरिक्त धनराशि विन्टनरी द्वारा दिये जाने की व्यवस्था में शिथिलता देते हुये विन्टनरी की स्थापना के वर्ष से आगामी 10 वर्षों तक छूट प्रदान की जायेगी।
6. उत्तराखण्ड राज्य में विन्टनरी हेतु एफ0 एल0–03 अनुज्ञापन शुल्क न्यूनतम ₹ 10,000/– के अधीन रहते हुए, एक वर्ष या उसके भाग के लिए बाटलिंग फीस निम्नलिखित धारिता की बोतलों में निम्नलिखित दर से उद्गृहीत की जायेगी :–

धारिता		बाटलिंग फीस
750 ml	-	₹ 0.50
375 ml	-	₹ 0.25
180 ml	-	₹ 0.15
90 ml	-	₹ 0.10
50 ml	-	₹ 0.05

7. उत्तराखण्ड राज्य में विन्टनरी हेतु एफ0 एल0–01 अनुज्ञापन शुल्क ₹ 10,000/– प्रति वर्ष या वर्ष के भाग के लिए होगा।

क्रमशः.....2

Scanned with CamScanner

8. उत्तराखण्ड राज्य में निर्मित वाईन हेतु एफ0 एल0–02 डब्लू अनुज्ञापन शुल्क ₹ 10,000/– होगा एवं एफ0 एल0–2 अनुज्ञापन पर ली जाने वाली लाईसेंस फीस एक्स वाईनरी प्राइज की 2 प्रतिशत होगी।

9. उत्तराखण्ड राज्य में निर्मित वाईन हेतु एक्साइज ड्यूटी ₹ 5 प्रति बल्क ली०, निर्यात शुल्क ₹ 0.05 प्रति बल्क ली० व मूल्यवर्धित कर (वैट) 5 प्रतिशत होगा।

10. उत्तराखण्ड राज्य में वाईन उद्योग को बढ़ावा दिये जाने हेतु रिटेल काउण्टर खोलने की वर्तमान व्यवस्था को अधिक सुगम किये जाने हेतु विन्टनरी अनुज्ञापी को उसकी मांग के अनुसार प्रत्येक जनपद में उत्तराखण्ड राज्य में निर्मित वाईन के फुटकर अनुज्ञापन तथा डिपार्टमेन्टल स्टोर, जिसकी ग्रोसिरी की वार्षिक बिक्री का टर्नओवर ₹ 5,00,000/– से ऊपर है तथा वह व्यापार कर विभाग में रजिस्टर्ड हो, को वाईन की बिक्री के अनुज्ञापन जिलाधिकारी के स्तर से स्वीकृत किये जायेंगे। ऐसे अनुज्ञापनों की लाईसेन्स फीस ₹ 5,000/– वर्ष या वर्ष के भाग के लिये होगी तथा यह भी प्रतिबन्ध होगा कि उपरोक्त दोनों प्रकार के अनुज्ञापनों में केवल सील बन्द बोतलों की बिक्री ही अनुमन्य होगी।

उपरोक्त के अतिरिक्त सैनिक कल्याण विश्राम गृह, उत्तराखण्ड राज्य सरकार के उपक्रम यथा गढ़वाल मण्डल विकास निगम तथा कुमाऊँ मण्डल विकास निगम जो कि पर्यटन व्यवसाय से जुडे है, को इनके बिक्री केन्द्रों (Souvenir Shops) में सील बन्द बोतलों में तथा अपने पर्यटक आवास गृह से उत्तराखण्ड में निर्मित वाइन की बिक्री हेतु ₹5,000/– प्रतिवर्ष या वर्ष के भाग के लिए अनुज्ञापन शुल्क पर सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी द्वारा अनुज्ञापन प्रदान किया जायेगा।

उपरोक्त वर्णित सैनिक कल्याण विश्राम गृह एवं पर्यटक आवास गृह के लिए ₹ 5,00,000/–मात्र की वार्षिक बिक्री के टर्नओवर का प्रतिबन्ध लागू नही होगा।

फुटकर दुकानों (वाईन) के निर्धारण में दुकानों की संख्या व स्थित नियमावली,1968 तत्सम्बन्ध में जारी शासनादेश संख्या–311/XXIII/2008/18 2008/देहरादून, दिनांकः 16.6.2008 तथा तत्समय लागू समस्त नीति/नियम का पालन करना बाध्यकारी होगा।

विन्टनरी उद्योग की स्थापना मद्य निषेध क्षेत्रों में नहीं की जायेगी।

विन्टनरी परिसर में वाइन टूरिज्म को बढ़ावा दिये जाने हेतु विन्टनर के आवेदन पर वाईन की सील बन्द बोतलों की बिक्री तथा पिलाये जाने की सुविधा जिलाधिकारी द्वारा दी जायेगी तथा उक्त हेतु अनुज्ञापन शुल्क ₹ 10,000/–वर्ष या वर्ष के भाग के लिए देय होगा।

11. उत्तराखण्ड राज्य में विनिर्मित वाईन पर लेबल रजिस्ट्रेशन फीस ₹ 100/–होगी। वाईन की बोतलों में लगाये जाने वाला लेबल उत्तर प्रदेश बॉटलिंग ऑफ फॉरन लिकर रूल्स–1969 में दी गयी व्यवस्था तथा इस सम्बन्ध में उत्तराखण्ड शासन के आदेश संख्या–434/देहरादून, दिनांकः 19.4.2001 के अनुसार होगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त वाईन की बोतलों के लेबल पर "फल का नाम" (जिससे वाईन निर्मित हुयी हो) व "उत्तराखण्ड राज्य में उत्पादित फलों से विनिर्मित" का अंकन होना अनिवार्य होगा।

क्रमशः.....

Scanned with CamScanner

12. उत्तराखण्ड राज्य में उत्पादित वाईन पर असेस्मेन्ट शुल्क ₹ 1/–प्रति (750 एम0एल0 मानक) बोतल देय होगा ।

13. उपरोक्त प्रस्तावित शुल्क/टैक्स आगामी 5 वर्ष हेतु निर्धारित है, इस समयावधि के भीतर उपरोक्त प्रस्तावित शुल्क/टैक्स अपरिवर्तनीय रहेंगे, तथा विन्टनरी नीति उक्त सीमा तक आबकारी नीति वर्ष, 2012–13 के प्राविधानों को अतिक्रमित करेगी।

14. पर्वतीय क्षेत्रों में विन्टनरी उद्योग को बढावा दिये जाने हेतु प्रस्तावित नीति में उल्लिखित शुल्क/फीस में (वैट एवं एक्साइज ड्यूटी को छोडकर) 50 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी। पर्वतीय क्षेत्रों का निर्धारण पर्वतीय उद्योग नीति के अनुसार होगा।

15. विन्टनरी उद्योग हेतु खाद्य प्रसंस्करण, उद्यान व उद्योग विभाग उत्तराखण्ड शासन तथा भारत सरकार द्वारा जारी समस्त योजनाएं उत्तराखण्ड के विन्टनर्स के लिए अनुमन्य होंगी, साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में विन्टनरी उद्योग को बढ़ावा दिये जाने के लिए पर्वतीय क्षेत्रों हेतु लागू उद्योग नीति के अनुरूप सुविधाएं अनुमन्य होंगी

भवदीया,

(राधा रतूड़ी)
प्रमुख सचिव

संख्या 57 (i)/XXIII/2012/04(54)/2012 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड शासन को मा0 मुख्यमंत्री जी के अवलोकनार्थ।
2. निजी सचिव, मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
3. आयुक्त गढ़वाल मण्डल एवं कुमाऊ मण्डल, पौड़ी/नैनीताल।
4. आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड देहरादून।
5. आयुक्त, वाणिज्य कर विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून।
6. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
7. निदेशक मुद्रण एवं लेखन सामग्री, राजकीय मुद्रणालय, रूडकी जनपद–हरिद्वार को अधिसूचना की प्रति इस आशय से सुलग्न कर प्रेषित कि कृपया अधिसूचना का प्रकाशन असाधारण गजट में मुद्रित कराते हुए इसकी 100 प्रतियां सचिव, आबकारी उत्तराखण्ड शासन, 4–सुभाष रोड़ देहरादून तथा 100 प्रतियां आबकारी आयुक्त, गांधी रोड़, देहरादून को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
8. निदेशक एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर देहरादून को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उक्त अधिसूचना को सार्वजनिक किये जाने हेतु शासकीय वेबसाईट में आज ही प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
9. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(दिलीप जावलकर)
अपर सचिव

Scanned with CamScanner

316
29/1/13

संयुक्त आयुक्त

उत्तराखण्ड शासन
आबकारी अनुभाग
संख्या 59/XXIII/2013/04(52)/2012
देहरादूनः दिनांकः 29 जनवरी, 2013

29/1/2013

अधिसूचना

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–1 सन 1904) (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की धारा 21 सपठित उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1910) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002 की धारा 40 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री राज्यपाल उत्तराखण्ड राज्य में माइक्रो पब ब्रुवरी स्थापित किये जाने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते है :–

1. माइक्रो पब ब्रुवरी की स्थापना हेतु आवेदक का एफ0एल0–06(समिश्र)/एफ0एल0–07/एफ0एल0–07बी0 अनुज्ञापन धारक होना आवश्यक है तथा माइक्रो पब ब्रुवरी की स्थापना हेतु पात्रता शर्तें उक्त अनुज्ञापनों की शर्तों के ही समान होगी।

2. माइक्रो पब ब्रुवरी स्थापित करने हेतु आवेदक को सम्बन्धित जिले के जिलाधिकारी/जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय में प्रपत्र एम0बी0–19 में आवेदन करना होगा, जिसके साथ परियोजना आख्या (Project report) एवं तीन प्रतियों में नील पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। सम्बन्धित जिले के जिलाधिकारी/जिला आबकारी अधिकारी द्वारा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराकर अपनी संस्तुति आख्या आबकारी आयुक्त को प्रेषित की जायेगी। आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड अपनी संस्तुति के साथ माइक्रो पब ब्रुवरी का प्रस्ताव शासन को प्रेषित करेंगे। शासन की स्वीकृति/अनुमति के पश्चात आबकारी आयुक्त द्वारा एम0बी0–20 अनुज्ञापन जारी कर छः माह का समय माइक्रो पब ब्रुवरी की स्थापना हेतु दिया जायेगा, निर्धारित अवधि के पश्चात एम0बी0–20 अनुज्ञापी द्वारा प्रपत्र–एम0बी0–21 में जिलाधिकारी के माध्यम से माइक्रो पब ब्रुवरी की स्थापना पूर्ण होने की सूचना आबकारी आयुक्त उत्तराखण्ड को प्रेषित की जायेगी, जिसके आधार पर आबकारी आयुक्त द्वारा तकनीकी समिति से जांच कराये जाने के पश्चात एम0बी0–1 अनुज्ञापन प्रदान किया जायेगा।

3. एम0बी0–1 अनुज्ञापन दिये जाने से पूर्व आवेदक द्वारा निम्नलिखित शर्तें पूर्ण करनी होगी :–

   (क) माइको पब ब्रुवरी की अधिष्ठापित क्षमता का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

   (ख) बीयर बनाने तथा उसकी निकासी के सम्बन्ध में प्रयुक्त किया जाने वाला प्रस्तावित भवन, पात्र, सयंत्र नियमानुसार बनाये गये हैं और आग से बचने के लिये सम्यक उपाय किये गये हैं, का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

29/1/13

अपर आयुक्त (लेखा)

उपायुक्त (लेखा)

29/1/2013
उत्तराखण्ड।

(ग) नियम 5 के अधीन विहित लाईसेंस फीस अग्रिम रूप से जमा किये जाने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

4. (i) आबकारी आयुक्त को राज्य की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये एम0बी0–20 व एम0बी0–01 लाईसेंस प्रदान करने और लाईसेंस हेतु प्राप्त आवेदन पत्र को अस्वीकार करने या प्रदत्त लाईसेंस का नवीनीकरण न करने की शक्ति उप नियम 4(ii) के प्राविधानों के अधीन निहित होगी।

(ii) लाईसेंस प्रदान करने या नवीनीकरण करने से इन्कार करने के आबकारी आयुक्त के आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति आदेश के तीस दिनों के भीतर राज्य सरकार को पुनरीक्षण के लिये आवेदन कर सकेगा और सरकार मामले में ऐसा आदेश कर सकतीं है, जिसे वह उचित समझे।

5. माइक्रो पब ब्रुवरी (एम०बी०–1) अनुज्ञापन हेतु अनुज्ञापन शुल्क ₹ 10,000/– प्रति वर्ष या वर्ष के भाग के लिए लिया जायेगा, जो एफ०एल०–06(समिश्र)/एफ०एल०–07/एफ०एल०–07बी० बार अनुज्ञापन शुल्क के अतिरिक्त होगा।

6. एफ०एल०–06(समिश्र)/एफ०एल०–07/एफ०एल०–07बी० से पृथक एम०बी०–01 अनुज्ञापन का नवीनीकरण आबकारी आयुक्त स्तर से किया जायेगा। आगामी आबकारी वर्ष के लिए माइक्रो पब ब्रुवरी के लाईसेंस के नवीनीकरण का आवेदन पत्र सम्बन्धित जिलाधिकारी के माध्यम से आबकारी आयुक्त को प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी या उससे पूर्व प्रस्तुत किया जायेगा।

7. माइक्रो पब ब्रुवरी में अनिष्ठकारक पदार्थों का उपयोग निषिद्ध होगा, आबकारी आयुक्त बीयर के विनिर्माण में किन्ही ऐसे पदार्थों का प्रयोग निषिद्ध कर सकते हैं, जो उनकी राय में हानिकारक प्रकृति के हों।

8. निरीक्षणकर्ता अधिकारी नमूने के विशलेषण हेतु बिना कोई भुगतान किये किसी बियर या उसके विनिर्माण में प्रयुक्त पदार्थों का नमूना ले सकते है।

9. माइक्रो पब ब्रुवरी मे 5 प्रतिशत वी/वी तीव्रता से अधिक तीव्रता की बीयर का उत्पादन नहीं किया जायेगा।

10. माइक्रो पब ब्रुवरी पर उत्पाद शुल्क तत्समय आबकारी नीति/टैक्स स्ट्रैक्चर में निर्धारित कम तीव्रता की बीयर पर देय उत्पाद शुल्क के अनुरूप होगी, तथा उत्पाद शुल्क माइक्रो पब ब्रुवरी की दैनिक संस्थापित क्षमता के आधार पर अग्रिम रूप से लिया जायेगा।

क्रमशः.....

11. माइक्रो पब ब्रुवरी में वह सभी नियम भी लागू होंगे जो बार अनुज्ञापन हेतु आवश्यक एवं प्रचलन में होंगे।

12. आबकारी नियमों के मानक के अनुरूप क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक व उससे उच्च अधिकारी द्वारा माइक्रो पब ब्रुवरी का समय–समय पर निरीक्षण किया जायेगा।

भवदीया,

(राधा रतूड़ी)
प्रमुख सचिव

संख्या 59 (I)/XXIII/2012/04(52)/2012 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्नलिंखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड शासन को मा0 मुख्यमंत्री जी के अवलोकनार्थ।
2. निजी सचिव, मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
3. आयुक्त गढ़वाल मण्डल एवं कुमाऊ मण्डल, पौड़ी/नैनीताल।
4. आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड देहरादून।
5. आयुक्त, वाणिज्य कर विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून।
6. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
7. निदेशक मुद्रण एवं लेखन सामग्री, राजकीय मुद्रणालय, रूडकी जनपद–हरिद्वार को अधिसूचना की प्रति इस आशय से संलग्न कर प्रेषित कि कृपया अधिसूचना का प्रकाशन असाधारण गजट में मुद्रित कराते हुए इसकी 100 प्रतियां प्रमुख सचिव, आबकारी उत्तराखण्ड शासन, 4–सुभाष रोड़ देहरादून तथा 100 प्रतियां आबकारी आयुक्त, गांधी रोड़, देहरादून को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
8. निदेशक एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर देहरादून को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उक्त अधिसूचना को सार्वजनिक किये जाने हेतु शासकीय वेबसाईट में आज ही प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
9. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(दिलीप जावलकर)
अपर सचिव

उत्तराखण्ड शासन
आबकारी अनुभाग
संख्याः 791/XXIII/2013/04(02)/2013
देहरादूनः दिनॉकः 26 दिसम्बर, 2013

अधिसूचना संख्या–779/XXIII/2013 दिनांक–26 दिसम्बर, 2013 द्वारा आबकारी नीति वर्ष 2013–14 में प्राविधानित प्रदेश में मॉल्स/डिपार्टमेंटल स्टोर में विदेशी मदिरा की बिक्री के लिए आवेदन की पात्रता एवं प्रक्रिया निर्धारित किये जाने हेतु उत्तराखण्ड आबकारी (विदेशी मदिरा के रिटेल वैण्ड्स शॉपिंग मॉल्स/डिपार्टमेंटल स्टोर के अनुज्ञापनों का व्यवस्थापन) नियमावली, 2013 की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री रूड़की (हरिद्वार) को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की कृपया अधिसूचना को असाधारण गजट में मुद्रित कराते हुए इसकी 150 प्रतियां आबककारी अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन को यथाशीध्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव, मा० मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन को मा० मुख्यमंत्री जी के अवलोकनार्थ।
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदय केअवलोकनार्थ।
4. आयुक्त, गढ़वाल मण्डल एवं कुमॉऊ मण्डल।
5. आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड देहरादून।
6. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
7. समस्त जिला आबकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड।
8. निदेशक एन०आई०सी०, सचिवालय परिसर देहरादून को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उक्त अधिसूचना को सार्वजनिक़ किये जाने हेतु शासकीय वेबसाईट में आज ही प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
9. गार्ड फाईल।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

आज्ञा से,

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
अनु सचिव

उत्तराखण्ड शासन
आबकारी विभाग
संख्याः 779 / XXIII / 2013 / 04(02) / 2013
देहरादूनः दिनाँकः 26 दिसम्बर, 2013

अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–01, सन् 1904) की धारा 21 सपठित संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 (संयुक्त प्रान्त अधिनियम संख्या 04 सन् 1910) (उत्तराखण्ड में यथा अनुकूलित एवं उपान्तरित) की धारा 40 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके निम्नलिखित नियम बनाते हैं :–

उत्तराखण्ड आबकारी (विदेशी मदिरा के प्रीमियम रिटेल वैण्ड्स शॉपिंग मॉल्स / डिपार्टमेन्टल स्टोर के अनुज्ञापनों का व्यवस्थापन) नियमावली,2013

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ 1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड आबकारी (विदेशी मदिरा के प्रीमियम रिटेल वैण्डस शॉपिंग मॉल्स / डिपार्टमेन्टल स्टोर के अनुज्ञापनों का व्यवस्थापन) नियमावली, 2013 है।

(2) यह गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

परिभाषाएं 2. (1) मॉल्सः–

"शॉपिंग मॉल्स" से पूर्णतः आधुनिक सुविधाओं से पूर्ण ईमारत या ईमारतों का समूह जो एक दूसरे से जुड़े हों, ग्राहकों की आवाजाही के लिए प्रर्याप्त स्थान उपलब्ध कराते हों एवं जिनके परिसर में ही पार्किंग के लिये पर्याप्त स्थान हो, के रूप में की जा सकती है, अभिप्रेत है;

(एक) "प्रीमियम रिटेल वैण्ड्स शॉपिंग मॉल्स" से परिसर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित ऐसे कमर्शियल काम्पलैक्स जिनमें दुकानें एवं फूडकोर्ट सम्मिलित है, जिन्हें सामान्य बोल–चाल की भाषा में शॉपिंग मॉल कहा जाता है, अभिप्रेत है;

(दो) प्रीमियम रिटेल वैण्डस शॉपिग मॉल्स के लिये कम से कम 400 वर्ग फीट कार्पेट एरिया का परिसर आवश्यक होगा, जो मॉल की सामान्य रुप से निर्मित दुकान में होगा तथा क्योस्क (Kiosk) अथवा अस्थाई ढांचे (Temoprary Structure) में नहीं होगा। किसी मॉल में 15 दुकानों तक दो मदिरा की दुकानें व 15 दुकानों से अधिक होने पर अधिकतम 03 मदिरा की दुकानों को अनुज्ञापन प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्त पर दिया जा सकेगा।

(2) डिपार्टमेंटल स्टोर :–

डिपार्टमेंटल स्टोर से ऐसे स्टोर अभिप्रेत है, एक बडी दुकान तथा जिसमें अलग–अलग प्रकार के सामानों / वस्तुओं की बिक्री की जाती हो, जिन्हें सामान्य बोल–चाल की भाषा में डिपार्टमेंटल स्टोर कहा जाता हो एवं जिनके स्वयं के परिसर में ही पार्किंग की व्यवस्था हो।

(1) प्रीमियम रिटेल वैण्ड्स डिपार्टमेंटल स्टोर के लिये कम से कम 1000 वर्ग फीट कार्पेट एरिया का परिसर आवश्यक होगा, जिसमें एक कार्यालय की व्यवस्था हो।

क्रमशः.....2

(3) **अधिनियम :–**

"अधिनियम" से समय–समय पर संशोधित संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम, 1910 (उत्तराखण्ड में यथा अनुकूलित एवं उपान्तरित) अभिप्रेत है;

(4) **विदेशी मदिरा :–**

"विदेशी मदिरा" से भारत में आयातित स्प्रिट या मदिरा अथवा भारत में बनाई गई और इस प्रकार परिष्कृत या रंजित स्प्रिट या मदिरा जिससे कि वह सुगंध और रंग में भारत में आयातित मदिरा के सदृश्य मालूम हो, से है और उसमें माल्ट स्प्रिट, व्हिस्की, रम, ब्राण्डी, जिन, वोदका, मदिरा (लिक्यूअर) सम्मिलित है। इससे भारत या विदेश में निर्मित वाईन भी सम्मिलित अभिप्रेत है;

(5) **आबकारी वर्ष :–**

"आबकारी वर्ष" से किसी कैलेण्डर वर्ष के 01 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाली 12 माह की अवधि अभिप्रेत है;

(6) **परिवार :–**

"परिवार" से दम्पत्ति (पति या पत्नी), पुत्र, अविवाहित पुत्री और आश्रित माता–पिता अभिप्रेत है;

(7) **प्रपत्र–**

"प्रपत्र" से इस नियमावली के साथ संलग्न प्रपत्र अभिप्रेत है;

(8) **लाईसेंस प्राधिकारी –**

"लाईसेंस प्राधिकारी" से सम्बन्धित जिले का कलेक्टर अभिप्रेत है;

(9) **लाईसेंस फीस –**

"लाईसेंस फीस" से किसी प्रीमियम रिटेल वैण्ड्स शॉपिंग मॉल्स में विदेशी मदिरा के विक्रय के एकान्तिक विशेषाधिकार के लाईसेंस प्रदान करने हेतु लाईसेंस फीस के रूप में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित धनराशि रूपये 2,00,000/–(दो लाख) अभिप्रेत है;

(10) **राज्य :–**

"राज्य" से उत्तराखण्ड राज्य अभिप्रेत है।

फुटकर बिक्री के लिये अनुज्ञापनों का व्यवस्थापन

3. इस नियमावली और प्रीमियम रिटेल वैण्ड्स शॉपिंग मॉल्स/डिपार्टमेन्टल स्टोर की लाइसेंस फीस की धनराशि के संदाय के अधीन रहते हुए लाइसेंसों का व्यवस्थापन निम्नवत किया जायेगा:–

(क) भूगृहादि के बाहर उपभोग के लिये मुहरबन्द बोतलों में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित श्रेणी की विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के लिये लाइसेंस प्रपत्र वि० म०–5(म)/5(डी०एस०) में स्वीकृत किया जायेगा।

(ख) लाइसेंस फीस सम्पूर्ण आबकारी वर्ष या उसके किसी भाग के लिये आबकारी आयुक्त समय–समय पर राज्य सरकार के अनुमोदन से अधिनियम की धारा 24–क के अधीन निर्धारित करेगा।

क्रमशः.....3

प्रीमियम रिटेल वैण्डस शॉपिग मॉल्स/ डिपार्टमेन्टल स्टोर के लिये आवेदन–पत्र

4. आवेदक प्रीमियम रिटेल वैण्डस शॉपिंग मॉल्स/ डिपार्टमेन्टल स्टोर के लिये निर्धारित प्रपत्र जी–28 में आवेदन–पत्र प्रस्तुत करेगा। ।

लाइसेंस की अवधि

5. लाइसेंस की अवधि एक आबकारी वर्ष या उसके भाग, जिसके लिये लाइसेंस स्वीकृत किया गया है, के लिये होगी। लाइसेंस का नवीनीकरण लाइसेंसधारी की सहमति से अगले आबकारी वर्ष या वर्ष के भाग के लिये ऐसे निबन्धन और शर्तों पर किया जा सकेगा, जैसा राज्य सरकार द्वारा अवधारित किया जाय।

लाइसेंस प्रदान किया जाना

6. इस नियमावली के अधीन नियत लाइसेंस फीस के संदाप पर लाइसेंस प्रदान किया जायेगा।

आवेदकनकर्ता हेतु पात्रता की शर्तें

7. (1) प्रीमियम रिटेल वैण्डस शॉपिग मॉल्स/डिपार्टमेन्टल स्टोर के लाइसेंस के लिये आवेदक –

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) कोई ऐसी कम्पनी हो जो कम्पनी अधिनियम, 1956 के अधीन पंजीकृत हो, या

(ग) कोई ऐसी भागीदारी फर्म हो जो भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन पंजीकृत हो, या

(घ) ऐसी कोई फर्म जो समिति पंजीकरण अधिनियम, 1965 के अधीन पंजीकृत हो, या

(ञ) कोई पंजीकृत एक मात्र स्वत्वधारी फर्म हो,

(क) आवेदनकर्ता की आयु 21 वर्ष से अधिक हो;

(ख) अधिनियम के अधीन बनायी गई किसी नियमावली के उपबन्धों के अधीन आबकारी लाइसेंसधारण करने के लिये ऐसा व्यक्ति हो जो व्यतिक्रमी/काली सूची में न हो या विवर्जित न किया गया हो, परन्तु यह और कि कोई व्यक्ति जो किसी आबकारी अपराध के लिये दोषसिद्ध पाया गया हो, लाइसेंस धारण करने से स्वतः विवर्जित हो जायेगा जब तक कि उसे सक्षम न्यायालय द्वारा पूर्णतः और अन्तिम रूप से दोषमुक्त न कर दिया जाय।

(ग) निम्नलिखित की पुष्टि में आवेदक पब्लिक नोटरी द्वारा सम्यक् रूप से अभिप्रमाणित शपथ–पत्र प्रस्तुत करेगा, अर्थात्:–

(एक) यह उसके पास समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश आबकारी दुकानों की संख्या एवं स्थिति नियमावली, 1968 के उपबन्धों के अनुसार शॉपिंग मॉल/डिपार्टमेन्टल स्टोर में विदेशी मदिरा के प्रीमियम रिटेल वैण्ड्स खोलने के लिये उपयुक्त परिसर की व्यवस्था है या उसके या परिसर के स्वामी का सहमति पत्र अथवा ऑफर अथवा पट्टा विलेख उसके पास उपलब्ध है।

क्रमशः.....4

(दो) यह कि उसकी दुकान का प्रस्तावित परिसर किसी विधि या तद्धीन बनाए गए नियमों के उल्लंघन में निर्मित नहीं है।

(तीन) यह कि उसका और उसके परिवार के सदस्यों का नैतिक चरित्र अच्छा है और उनकी कोई अपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है तथा उनको संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनिमय, 1910 (उत्तराखण्ड में यथा अनुकूलित एवं उपान्तरित) या स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के अधीन या किसी संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध में दोषसिद्ध नहीं ठहराया गया है।

(चार) यह कि अनुज्ञापी के रूप में चयनित हो जाने की दशा में जिला जहां का वह निवासी है, के जिलाधिकारी द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण–पत्र लाइसेंस जारी होने के तीस दिन के अन्दर प्रस्तुत करेगा कि उसका और उसके परिवार के सदस्यों का नैतिक चरित्र अच्छा है एवं उनकी कोई अपराधिक पृष्ठभूमि या आपराधिक इतिहास नहीं है।

(पांच) यह कि वह किसी ऐसे विक्रेता को नियोजित नहीं करेगा जिसकी उपरोक्त खण्ड (तीन) में उल्लिखित कोई आपराधिक पृष्ठभूमि हो या जो किसी संक्रामक या छुआ–छूत रोग से ग्रसित हो या उसकी आयु 21 वर्ष से कम हो।

(छः) यह कि उस पर कोई लोक या राजकीय देयता का बकाया नहीं है।

(घ) यह कि आवेदक द्वारा जिला आबकारी अधिकारी या जिलाधिकारी के पक्ष में किसी अनुसूचित बैंक से जारी किया गया, रूपये 50,000/– की सावधि जमा (एफ0डी0आर0) प्रतिभूति धनराशि के रूप में प्रस्तुत कर दिया हो।

लाइसेंसधारी का चयन

8. जिला आबकारी अधिकारी प्राप्त आवेदन पत्रों के आवश्यक सत्यापन के पश्चात् एक सूची तैयार करेगा और इन आवेदनों की सूची लाइसेंस प्राधिकारी के समक्ष रखेगा। लाइसेंस प्राधिकारी आवेदन पत्र पर यथावश्यक परीक्षण कराकर उक्त प्रीमियम रिटेल वैण्ड्स शॉपिग मॉल्स/डिपार्टमेन्टल स्टोर के सृजन हेतु आबकारी आयुक्त को प्रस्ताव प्रेषित करेगा। आबकारी आयुक्त से नवसृजन की स्वीकृति प्राप्त होने पर नियत लाइसेंस फीस जमा कराकर आवेदक के पक्ष में तत्काल लाइसेंस जारी कर दिया जायेगा।

लाइसेंस फीस की धनराशि का जमा किया जाना

9. यदि किसी आवेदक को लाइसेंसधारी के रूप में चयनित किया किया जाता है, तो वह चयन की सूचना प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर नियत लाइसेंस फीस की सम्पूर्ण धनराशि जमा कर देगा। यदि वह विहित अवधि के भीतर लाइसेंस फीस धनराशि जमा करने में विफल रहता है तो उसका चयन रद्द हो जायेगा और उसकी प्रतिभूति की धनराशि रू0 50,000/– राज्य सरकार के पक्ष में समपहृत कर ली जायेगी एवं उक्त आवेदक को काली सूची में सम्मिलित किया जायेगा।

क्रमशः.....5

व्यवस्थित की गयी दुकान का विवरण

10. जिला आबकारी अधिकारी व्यवस्थापन के 10 दिन के भीतर व्यवस्थित की गयी दुकानों का विवरण आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड को भेजेगा, जिसमें अनुज्ञापी/अनुज्ञापियों के नाम व पते तथा जमा की गयी लाइसेंस फीस की जमा धनराशि का विवरण होगा।

विक्रीत की जाने वाली विदेशी मदिरा

11. लाइसेंसधारी राज्य द्वारा निर्धारित ई०डी०पी० रूपये 300/– (प्रतिमान्य क्वार्ट बोतल 750 एम०एल०) से अधिक की ई0डी0पी0 की मदिरा की बिक्री करेगा।

एफ०एल०–05(एम)/एफ०एल०–05 (डीएस) से किसी भी धारिता की बोतलों में बिक्री की जा सकेगी, रूपये 300/– प्रति बोतल (750 एम०एल०) ई०डी०पी० की गणना उक्त धारिता के 750 एम०एल० प्रति मान्य क्वार्ट बोतल के समतुल्य आधार पर की जायेगी। दुकान के परिसर में मदिरापान निषिद्ध होगा।

मदिरा का उठान

12 इस नियमावली के अधीन लाइसेंसधारी विदेशी मदिरा के लागत मूल्य का पूर्ण भुगतान, जिसके अन्तर्गत सभी कर भी सम्मिलित है, जो समय–समय पर उद्ग्रहीत किये जायें, करने के पश्चात् जनपद के थोक लाइसेंस धारक (वि0म0–2/2 डब्लू/2एस) अनुज्ञापी से विदेशी मदिरा/वाईन की आपूर्ति बारों को निर्धारित एम०जी०डी० दर पर प्राप्त कर सकेगा। अनुज्ञापी अपर्याप्त आपूर्ति की स्थिति में जिला आबकारी अधिकारी को अवगत करायेगा, जो कि आबकारी आयुक्त से आदेश प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही करायेगा। स्कॉच/वाईन के आयात हेतु उत्तराखण्ड में प्रचलित उत्तराखण्ड के अधिसूचित क्षेत्र में समुद्र पार विदेशी मदिरा का आयात (Import of Oversease Foreign Liquor in Scheduled areas in Uttranchal) से सम्बन्धित नियम प्रवृत्त होंगे।

विक्रय मूल्य

13 विदेशी शराब की बोतलों के लेबिलों पर राज्य सरकार की अनुमति से आबकारी आयुक्त द्वारा निर्धारित अधिकतम् फुटकर विक्रय मूल्य से कम दर पर मदिरा की बिक्री नहीं करेगा। अर्थात एफ0एल0–05(एम)/एफ0एल0–05(डीएस) में न्यूनतम् बिक्री मूल्य रहेगा।

मदिरा की बिक्री एवं बारकोड की व्यवस्था

14 प्रीमियम रिटेल वैण्डस शॉपिंग मॉल्स/डिपार्टमेन्टल स्टोर अनुज्ञापी यह सुनिश्चित करेगा कि शॉपिंग मॉल्स/डिपार्टमेन्टल स्टोर पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत हो जिसमें बारकोडिंग की व्यवस्था के साथ–साथ स्केनर की व्यवस्था आवश्यक होगी, जिससे कम्प्यूटर द्वारा भी दुकान के स्टॉक का रखरखाव व बिलिंग सुनिश्चित हो सके। एफ0एल0–05 (एम)/एफ0एल0–05(डी0 एस0) अनुज्ञापी बिलिंग काउन्टर के पास मदिरा विक्रय मूल्य की सूची आवश्यक रूप से लगायेगा तथा उसमें सभी ब्राण्डों की धारितावार विक्रय मूल्य अंकित करेगा।

बिक्री समय /दुकान बन्दी के दिवस

15. अनुज्ञापित परिसर 14 अप्रैल (अम्बेडकर जयन्ती), 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस), 2 अक्टूबर (गांधी जयन्ती), 26 जनवरी(गणतंत्र दिवस) और लाइसेंस अधिकारी द्वारा बन्दी के लिये यथा अधिसूचित दिवसों के अतिरिक्त सभी दिनों में राज्य सरकार द्वारा बारों हेतु निर्धारित समय तक खुला रहेगा। लाइसेंस प्राधिकारी कानून व्यवस्था

क्रमश.....6

या सामान्य निर्वाचन से सम्बन्धित गतिविधियों के लिये सुसंगत कानूनों के प्रावधानों के अधीन "**प्रीमियम रिटेल वैण्डस**" शॉपिंग मॉल्स की बन्दी का आदेश दे सकेगा।

परन्तु यह कि प्रीमियम रिटेल वैण्डस शॉपिंग मॉल्स/ डिपार्टमेन्टल स्टोर की बन्दी के लिये कोई प्रतिकर की धनराशि देय नहीं होगी।

लाइसेंस की अवधि की समाप्ति पर अविक्रीत स्टॉक

16. लाइसेंस अवधि समाप्ति पर अवशेष और अविक्रीत पाई गयी विदेशी मदिरा की मात्रा की घोषणा लाइसेंसधारी द्वारा लाइसेंस प्राधिकारी को लाइसेंस समाप्ति के अगले दिन की जायेगी। ऐसे स्टाक का निस्तारण आबकारी आयुक्त के आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

लाइसेंस का अभ्यर्पण

17. कोई लाइसेंसधारी अधिनियम की धारा 36 के उपबन्धों के अधीन लाइसेंस प्राधिकारी को न्यूनतम एक माह की लिखित नोटिस के पश्चात् अपना लाइसेंस अभ्यर्पित कर सकेगा। ऐसे आवेदन की प्राप्ति पर लाइसेंस प्राधिकारी जमा प्रतिभूति से समस्त अवशेष आबकारी देयों की वसूली करने और आबकारी आयुक्त से आदेश प्राप्त कर अधिशेष धनराशि वापस करने की कार्यवाही करेगा।

लाइसेंस का निलम्बन व निरस्तीकरण

18 (1) लाइसेंस प्राधिकारी,

(क) यदि अनुज्ञापित परिसर में कोई ऐसी बोतल पाई जाती है, जिस पर देय राजस्व का भुगतान नहीं किया गया है और जिस पर आबकारी आयुक्त द्वारा सम्यक् रूप से अनुमोदित एक्साइज एडहेसिव लेबिल/सिक्योरिटी होलोग्राम नहीं लगा है;

(ख) यदि अनुज्ञापित परिसर में किसी अन्य मदिरा या मादक औषधि (जिसके लिये लाइसेंस स्वीकृत नहीं किया गया है) पाई जाती है या कोई अन्य व्यवसाय करते हुये पाया गया है;

(ग) यदि अधिनियम या नियमों के उपबन्धों के विरूद्ध अनुज्ञापी के कब्जे से कोई मदिरा या मादक औषधि पायी जाती है;

(घ) यदि लाइसेंसधारी द्वारा आवेदन के समय प्रस्तुत शपथ–पत्र त्रुटिपूर्ण तथा कथन असत्य पाया जाता है;

(ड.) यदि लाइसेंसधारी अधिनियम के अधीन किसी अपराध में या किसी संज्ञेय और गैर जमानती अपराध या स्वापक औषधियॉ एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 या भारतीय दण्ड संहिता की धारा 482 से 489 के अधीन अपराध में दोषसिद्ध किया गया है।

(च) यदि अनुज्ञापित परिसर में कोई ऐसी बोतल/कन्टेनर पाया जाता है जिस पर अधिकतम फुटकर मूल्य अंकित नहीं है एवं स्टीकर नहीं लगा पाया जाता है।

(छ:) यदि यह पाया जाता है कि लाइसेंस असत्य नाम से प्राप्त किया गया है या लाइसेंसधारी किसी अन्य व्यक्ति की ओर से लाइसेंस धारण किये हुए हैं तो लाइसेंस निलम्बित अथवा निरस्त किया जा सकेगा।

क्रमशः.....7

(2) लाइसेंस प्राधिकारी तत्काल अनुज्ञापन निलम्बित कर देगा और लाइसेंस के निरस्तीकरण एवम् समपहृत करने के लिये कारण बताओ नोटिस तामील करेगा। लाइसेंसधारी अपना स्पष्टीकरण नोटिस की प्राप्ति के 07 दिन के भीतर प्रस्तुत करेगा। लाइसेंस प्राधिकारी लाइसेंसधारी को सुनवाई के समुचित अवसर देते हुए सकारण आदेश पारित करेगा।

(3) यदि लाइसेंस निरस्त किया जाता है, तो लाइसेंसधारी को काली सूची में डाला जा सकेगा तथा उसे आबकारी लाइसेंस धारण करने से विवर्जित भी किया जा सकेगा।

(डॉ0 एस०एस०सन्धु)
प्रमुख सचिव

वि0म0–5(म)

भूगृहादि के बाहर उपभोग के लिये मुहरबन्द बोतलों में विदेशी मदिरा व वाइन के फुटकर बिक्री के लिए "प्रीमियम रिटेल वैण्डस" शॉपिंग मॉल्स / डिपार्टमेन्टल स्टोर लाइसेंस

(नियम–7 के अन्तर्गत)

लाइसेंस .....जिला.....

दुकान का नाम.....प्रीमियम रिटेल वैण्डस.....

मोहल्ला.....थाना.....तहसील.....जिला .....

लाइसेंस फीस रू .....(अंकों में).....(शब्दों में)

प्रतिभूति धनराशि रू0 .....(अंकों में).....(शब्दों में)

परिसर का विवरण (चौहद्दी के साथ) भवनस्वामी का नाम व पूरा पता.....

उत्तर :.....

दक्षिण : .....

पूरब :.....

पश्चिम :.....

लाइसेंसधारी / लाइसेंसधारियों के नाम, पिता के नाम और पते

(1)..... पुत्र.....निवासी ग्राम / मुहल्ला.....थाना.....पोस्ट.....जिला.....

(2)..... पुत्र.....निवासी ग्राम / मुहल्ला.....थाना.....पोस्ट.....जिला.....

विक्रेता के नाम, पिता के नाम, और पते

(1)..... पुत्र.....निवासी ग्राम / मुहल्ला.....थाना.....पोस्ट.....जिला.....

(2)..... पुत्र.....निवासी ग्राम / मुहल्ला.....थाना.....पोस्ट.....जिला.....

(3)..... पुत्र.....निवासी ग्राम / मुहल्ला.....थाना.....पोस्ट.....जिला.....

(4)..... पुत्र.....निवासी ग्राम / मुहल्ला.....थाना.....पोस्ट.....जिला.....

परिसर के बाहर उपभोग के लिए मानक बोतलों में विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के लिये प्रीमियम रिटेल वैण्डस का लाइसेंस एतद्द्वारा उपर्युक्त लाइसेंसधारकों को जिला.....के अन्तर्गत..... (स्थान) पुलिस थाना.....तहसील..... के लिए दिनांक––––––––––––से 31 मार्च–––––––––––––– तक के लिये जिसके लिये नियम–7 के अनुसार लाइसेंस फीस और प्रतिभूति धनराशि जमा कर दी गयी है, प्रदान किया जाता है।

यह लाइसेंस निम्नलिखित सामान्य और विशेष शर्तों के अधीन रहते हुए प्रदान किया जाता है, उसमें से किसी का व्यतिक्रम करने पर या संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम–1910 (उत्तराखण्ड में यथा अनुकूलित एवं उपान्तरित) और स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की विधियों के अन्तर्गत किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध होने पर लाइसेंसधारक सुसंगत विधियों के अधीन आरोपित किन्हीं शास्तियों के अतिरिक्त अपने लाइसेंस फीस की धनराशि निक्षेप का समपहरण किए जाने के लिए दायी होगा।

सामान्य और विशेष शर्ते

1– लाइसेंसधारी, जनपद के विदेशी मदिरा थोक लाइसेंस धारक (वि0 म0–2/2डब्ल्यू/2 एस) अनुज्ञापी से विदेशी मदिरा/वाइन की आपूर्ति, समय–समय पर उदग्रहणीय समस्त करों, व उपकर आदि को सम्मिलित करते हुए मदिरा की कीमत का पूर्ण भुगतान करने के पश्चात् प्राप्त कर सकेगा।

2– अनुज्ञापी अपर्याप्त आपूर्ति की स्थिति में जिला आबकारी अधिकारी को अवगत करायेगा, जो आबकारी आयुक्त से आदेश प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही करायेगा। स्कॉच/वाईन के आयात हेतु उत्तराखण्ड में प्रचलित उत्तराखण्ड के अधिसूचित क्षेत्र में समुद्रपार विदेशी मदिरा का आयात (Import of Oversease Foreign Liquor in Scheduled areas in Uttranchal) सम्बन्धित नियम प्रभावी होंगे।

3– विदेशी मदिरा की बोतलों के लेबुलों पर अधिकतम् फुटकर मूल्य मुद्रित किया जायेगा। फुटकर लाइसेंसधारी छपे हुए अधिकतम् फुटकर मूल्य से कम मूल्य पर मदिरा की बिक्री नहीं करेगा।

4– अनुज्ञापित परिसर में विदेशी मदिरा की बिक्री केवल परिसर के बाहर उपभोग के लिए की जायेगी। परिसर में मदिरापान निषिद्ध होगा।

5– एफ०एल०–05(एम)/एफ०एल०–05 (डीएस) से विदेशी मदिरा व बियर की फुटकर दुकान, बार एवं क्लब बार लाईसेंस में आपूर्ति/बिक्री की जाने वाली धारिता की बोतलों में बिक्री की जा सकेगी रूपये 300/– प्रति बोतल (750 एम०एल०) ई०डी०पी० की गणना उक्त धारिता के 750 एम०एल० प्रति मान्य क्वार्ट बोतल के समतुल्य आधार पर की जायेगी।

6– विहित तीव्रता और मानक क्षमता की मुहरबन्द धारिता की बोतलों में बिक्री की जायेगी और जिन पर समस्त करों के भुगतान के प्रमाण के रूप में एक्साइज एडहसिव लेबिल/सुरक्षात्मक होलोग्राम लगे हुए होंगे।

7– लाइसेंसधारी विहित रजिस्टर (एफ० एल०–25ए) जिसे कि भुगतान पर लाइसेंस प्राधिकारी से प्राप्त किया जा सकता है, में नियमित और सही–सही दैनिक हिसाब रखेगा और जब कभी सक्षम निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा मांगा जायेगा, तो लेखा रजिस्टर को प्रस्तुत करेगा और निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित सामग्री और दस्तावेजों को उपलब्ध करायेगा।

8– लाइसेंसधारी विदेशी मदिरा के सम्पूर्ण स्टाक का भण्डारण केवल अनुज्ञापित परिसर में ही करेगा।

9– लाइसेंसधारी दुकान के प्रवेश द्वार पर एक सहज दृश्य साइनबोर्ड लगाएगा, जिसके ऊपर लाइसेंसधारी का नाम, पद, विदेशी मदिरा का अनुज्ञप्ति धारक, फुटकर बिक्रेता, दुकान की अवस्थिति, लाइसेंस की अवधि और लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा यथा विहित अन्य सूचनाएँ भी मोटे अक्षरों में मुद्रित की जायेंगी।

10– लाइसेंसधारी किसी भी ऐसे विक्रेता को सेवायोजित नहीं करेगा, जो 21 वर्ष से कम आयु का हो या जो किसी संक्रामक रोग या छुआ–छूत रोग से ग्रस्त हो या आपराधिक पृष्ठभूमि का हो।

11– 21 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति या वर्दी में किसी सरकारी कर्मी को विदेशी मदिरा की विक्री नहीं की जायेगी।

12– लाइसेंसधारी के लिए किसी दशा में बोतलों या उनके लेबुलों, एक्साइज एडहसिव लेबिल/सुरक्षात्मक होलोग्राम मुहरों से बिगाड़ करना (विकृत करना) सर्वथा निषिद्ध है।

13– लाइसेंसधारी अपने अनुज्ञापित परिसर में कोई भी दुग्ध, शर्करा (चासनी), रंग, सुगंधि/अर्क होलोग्राम/श्रिंक स्लीव, लेबुल, कैप्सूल, मुहर या कोई अपायकर (हानिकारक) सामग्री नहीं रखेगा।

14– लाइसेंसधारी के लिये अपनी बिक्री बढ़ाने की दृष्टि से ग्राहक को प्रलोभन देने या आकर्षित करने का आश्रय लेना कड़ाई से निषिद्ध है।

15– अनुज्ञापित परिसर, 14 अप्रैल (अम्बेडकर जयन्ती), 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस), 02 अक्टूबर (गांधी जयन्ती), 26 जनवरी (गणतन्त्र दिवस) और लाईसेंस अधिकारी द्वारा बन्दी के लिए यथा अधिसूचित दिवसों के अतिरिक्त सभी दिनों में राज्य सरकार द्वारा बारों हेतु निर्धारित समय तक खुला रहेगा। लाइसेंस प्राधिकारी सुसंगत विधियों के अधीन कानून और व्यवस्था या सामान्य निर्वाचन से सम्बन्धी क्रियाकलापों आदि के कारण से भी दुकान की बन्दी के आदेश दे सकेगा। उक्त कारणों से दुकान की बन्दी के लिए कोई प्रतिकर धनराशि देय नहीं होगी।

16– लाइसेंसधारी लाइसेंस की समाप्ति पर अवशेष स्टाक के निस्तारण के लिए लाइसेंस प्राधिकारी को रिपोर्ट करेगा, जिसे नियम–16 के अनुसार निस्तारित किया जायेगा।

17– लाइसेंसधारी आबकारी आयुक्त या लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा समय–समय पर निर्गत सामान्य एवं विशेष निर्देशों का पालन करेगा।

18– प्रीमियम रिटेल वैण्ड्स शॉपिंग मॉल्स/डिपार्टमेन्टल स्टोर के अनुज्ञापित परिसर में देशी मदिरा या अन्य किसी पदार्थ का संग्रह प्रतिबन्धित रहेगा।

19– प्रीमियम रिटेल वैण्ड्स शॉपिंग मॉल्स/डिपार्टमेन्टल स्टोर अनुज्ञापन में वे सभी नियम/उप नियम यथावत् प्रभावी रहेगे जो एफ0एल0–5डी दुकानों हेतु प्रभावी होगे।

दिनांक .....

जिला.....

लाइसेंस प्राधिकारी

क्रम संख्या–126

पंजीकरण संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0ए0/30/2015–17

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–2, खण्ड (क)

(उत्तराखण्ड अध्यादेश)

देहरादून, सोमवार, 27 नवम्बर, 2017 ई0

अग्रहायण 06, 1939 शक सम्वत्

उत्तराखण्ड शासन

विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग

संख्या 498/XXXVI (3)/2017/73(1)/2017

देहरादून, 27 नवम्बर, 2017

अधिसूचना

विविध

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 213 के खण्ड–1 के अधीन महामहिम राज्यपाल ने "उत्तराखण्ड (उ0प्र0 संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम, 1910) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) (संशोधन) अध्यादेश, 2017" पर दिनांक 27 नवम्बर, 2017 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तराखण्ड का अध्यादेश संख्या 02 वर्ष, 2017 के रूप में सर्व–साधारण को सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

29.11.2017

Scanned with CamScanner

उत्तराखण्ड (उ0प्र0 संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम, 1910)(अनुकूलन एवं उपांतरण आदेश, 2002)(संशोधन) अध्यादेश, 2017

(उत्तराखण्ड अध्यादेश संख्या. 02 सन् 2017)

संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम, 1910 (उ0प्र0 अधिनियम संख्या 4 वर्ष 1910) (उत्तराखण्ड राज्य में यथाप्रवृत्त) में उत्तराखण्ड राज्य के परिप्रेक्ष्य में अग्रेत्तर संशोधन करने के लिए

अध्यादेश

चूँकि, उत्तराखण्ड राज्य की विधान सभा सत्र में नहीं है और राज्यपाल का यह समाधान हो गया है कि ऐसी परिस्थितियाँ विद्यमान है, जिनके कारण उन्हें तुरन्त कार्यवाही करना आवश्यक हो गया है;

अत एव, अब राज्यपाल "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 213 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित अध्यादेश प्रख्यापित करते है,

भारत गणराज्य के 68वें वर्ष में विधानसभा द्वारा निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है:—

संक्षिप्त नाम और विस्तार प्रारम्भ

1. (1) यह अध्यादेश उत्तराखण्ड (उ0प्र0संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम, 1910) (अनुकूलन एवं उपांतरण आदेश, 2002)(संशोधन) अध्यादेश, 2017 कहा जायेगा।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में होगा।

(3) यह तुरन्त प्रवृत्त होगा।

धारा 28 का संशोधन

2. संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम, 1910 (उ0प्र0 अधिनियम संख्या 4 वर्ष 1910) (उत्तराखण्ड राज्य में यथाप्रवृत्त) की धारा 28 की उपधारा (3) के खण्ड (क), (ख), (ग), (घ) और (ड़) निम्नवत प्रतिस्थापित कर दिये जायेंगे; अर्थात :—

(क) धारा 12(1) के उपबन्धों के अनुसार आयात किये गये उत्पाद–शुल्कारोप्य पदार्थों पर प्रति शुल्क–

मद सं०	उत्पाद–शुल्कारोप्य पदार्थ का विवरण	शुल्क की अधिकतम दर
1.	देशी शराब (ताड़ी को छोड़कर)	रू0 500.00 प्रति ब०ली०
2.	भारत में निर्मित और इस प्रकार परिष्कृत या रंजित शराब जिससे कि वह सुस्वाद या रंग में भारत में आयातित शराब के सदृश मालूम हो और शोधित स्प्रिट:	
	(ए) एल, बीयर, पोर्टर, साइडर तथा अन्य किण्वीत शराब	रू0 300.00 प्रति ब०ली०
	(बी) सुगंधित स्प्रिट (औषधीय तथा प्रसाधनिक विनिर्मितियों को छोड़कर)	रू0 1500.00 प्रति ब०ली०
	(सी) वाईन	रू0 1500.00 प्रति ब०ली०
	(डी) शराब, कार्डियल, मिश्रण तथा विनिर्मितियाँ, जिसमें स्प्रिट हो जिनका अन्यथा उल्लेख न किया गया हो (औषधि तथा भेषज को छोड़कर)	रू0 1500.00 प्रति ब०ली०
	(इ) ब्राण्डी, जिन, व्हिस्की, रम, शोधित स्प्रिट और अन्य प्रकार की ऐसी स्प्रिट जिसका अन्यथा उल्लेख न किया गया हो	रू0 1500.00 प्रति ब०ली०

Scanned with CamScanner

मद सं०	उत्पाद–शुल्कारोप्य पदार्थ का विवरण	शुल्क की अधिकतम दर
3.	भांग	रू0 75.00 प्रति किलोग्राम

(ख) धारा 13 के उपबन्धों के अनुसार निर्यात किये गये उत्पादन–शुल्कारोप्य पदार्थों पर उत्पाद–शुल्क या प्रति–शुल्क–

मद सं०	उत्पाद–शुल्कारोप्य पदार्थ का विवरण	शुल्क की अधिकतम दर
1.	देशी शराब (ताड़ी तथा अन्य किण्वीत अल्कोहलिक पेय को छोड़कर)	रू0 500.00 प्रति ब०ली०
2.	भारत में निर्मित और इस प्रकार परिष्कृत या रंजित शराब जिससे कि वह सुस्वाद या रंग में भारत में आयातित शराब के सदृश मालूम हो (बीयर को छोडकर)	रू0 1500.00 प्रति ब०ली०
3.	भारत में यवासवित बीयर	रू0 300.00 प्रति ब०ली०
4.	भांग	रू0 75.00 प्रति किलोग्राम

(ग) परिवहन किये गये उत्पाद–शुल्कारोप्य पदार्थों पर उत्पाद–शुल्क या प्रति–शुल्क–

मद सं०	उत्पाद–शुल्कारोप्य पदार्थ का विवरण	शुल्क की अधिकतम दर
1.	देशी शराब (ताड़ी को छोड़कर)	रू0 500.00 प्रति ब०ली०
2.	भारत में निर्मित और इस प्रकार परिष्कृत या रंजित शराब, जिससे कि वह सुस्वाद या रंग में भारत में आयातित शराब के सदृश मालूम हो और शोधित स्प्रिट	
	(ए) एल, बीयर, पोर्टर, साइडर तथा अन्य किण्वीत शराब	रू0 300.00 प्रति ब०ली०
	(बी) सुगंधित स्प्रिट (औषधीय तथा प्रसाधनिक विनिर्मितियों को छोड़कर)	रू0 1500.00 प्रति ब०ली०
	(सी) वाईन	रू0 1500.00प्रति ब०ली०
	(डी) शराब, कार्डियल, मिश्रण तथा विनिर्मितियॉ, जिसमें स्प्रिट हो जिनका अन्यथा उल्लेख न किया गया हो (औषधि तथा भेषज को छोड़कर)	रू0 1500.00प्रति ब०ली०
	(इ) ब्राण्डी, जिन, व्हिस्की, रम, शोधित स्प्रिट और अन्य प्रकार की ऐसी स्प्रिट जिसका अन्यथा उल्लेख न किया गया हो	रू0 1500.00 प्रति ब०ली०
3.	भांग	रू0 75.00 प्रति कि०ग्राम

(घ) धारा 17 के अधीन दिये गये किसी लाईसेंस के अन्तर्गत कृषित या संग्रहीत उत्पाद– शुल्कारोप्य पदार्थों पर उत्पाद–शुल्क या प्रति–शुल्क

मद सं०	उत्पाद–शुल्कारोप्य पदार्थ का विवरण	शुल्क की अधिकतम दर
1.	देशी शराब (ताड़ी को छोड़कर)	रू0 500.00 प्रति ब०ली०

Scanned with CamScanner

मद सं०	उत्पाद–शुल्कारोप्य पदार्थ का विवरण	शुल्क की अधिकतम दर
2.	भारत में निर्मित और इस प्रकार परिष्कृत या रंजित शराब जिससे कि वह सुस्वाद या रंग में भारत में आयातित शराब के सदृश मालूम हो और शोधित स्प्रिट :	
	(ए) एल, बियर, पोर्टर, साइडर तथा अन्य किण्वीत शराब	रू0 300.00 प्रति ब०ली०
	(बी)सुगंधित स्प्रिट (औषधीय तथा प्रसाधनिक विनिर्मितियों को छोड़कर)	रू0 1500.00 प्रति ब०ली०
	(सी) वाईन ।	रू0 1500.00 प्रति ब०ली०
	(डी) शराब, कार्डियल, मिश्रण तथा विनिर्मितियाँ, जिसमें स्प्रिट हो जिनका अन्यथा उल्लेख न किया गया हो (औषधि तथा भेषज को छोड़कर)	रू0 1500.00 प्रति ब०ली०
	(इ) ब्राण्डी, जिन, व्हिस्की, रम, शोधित स्प्रिट और अन्य प्रकार की ऐसी स्प्रिट जिसका अन्यथा उल्लेख न किया गया हो	रू0 1500.00 प्रति ब०ली०
3.	भांग	रू0 75.00 प्रति कि०ग्राम

(ङ) धारा 18 के अधीन स्थापित किसी आसवनी या लाईसेंस प्राप्त किसी आसवनी या यवासवनी में निर्मित उत्पाद–शुल्कारोप्य पदार्थों पर उत्पाद–शुल्क–

मद सं०	उत्पाद–शुल्कारोप्य पदार्थ का विवरण	शुल्क की अधिकतम दर
1.	देशी शराब (ताड़ी को छोड़कर)	रू0 500.00 प्रति ब०ली०
2.	भारत में निर्मित और इस प्रकार परिष्कृत या रंजित शराब जिससे कि वह सुस्वाद या रंग में भारत में आयातित शराब के सदृश मालूम हो और शोधित स्प्रिट :	
